दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 180 मुरादाबाद 28 October 2022 (Friday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूपी पुलिस के लिए योगी सरकार ने खोला खजाना, साढ़े 600 करोड़ से हाईटेक होंगे जवान



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस को देश का नंबर एक पुलिस बनाने के लिए खजाना खोल दिया है। गृह विभाग की तरफ से साढ़े छह सौ करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च कर यूपी पुलिस को हाईटेक किया जा रहा है। जल्द ही यूपी पुलिस बाडी वार्न कैमरा और फुल बाडी प्रोटेक्टर से लैस होगी। साथ ही प्रदेश के 10 जिलों में हाईटेक सोशल मीडिया मानिटरिंग सेल और लॉ एंड आर्डर क्यूआरटी टीम स्थापित की जाएगी। क्राइम सीन वीडियोग्राफी ऐप की मुजफ्फरनगर, बाराबंकी और अलीगढ़ में शुरूआत हो चुकी है। जल्द अन्य जिलों में भी शुरूआत होगी। गृह विभाग ने पुलिस आधुनिकीकरण योजना के तहत 1200 बाडी वार्न कैमरा खरीदने के लिए 4.8 करोड़ और 1650 फुल बाडी प्रोटेक्टर फार वीमेन की खरीद के लिए 2.48 करोड़, 30,000 पोस्टमार्टम किट खरीदने के लिए छह करोड़ की स्वीकृति दी है। 10 जिलों में करीब 641 करोड़ रुपए खर्च कर उच्चीकृत सोशल मीडिया मानिटरिंग सेल की स्थापना होने वाली है और 10 अन्य जिलों में हाइटेक लॉ एंड आर्डर के लिए क्यूआरटी टीम स्थापना की जा रही है। इसके अलावा 6.75 करोड़ की लागत से एसआईटी, ईओडब्ल्यू, सीबीसीआईडी और एसीओ के जांच और विवेचना के लिए एक डेडिकेटेड एफएसएल की स्थापना की जाएगी। कन्नौज में डेडिकेटेट मिनी टेक्निकल लैब विकसित किया जा रहा है।

### अन्य जिलों में क्राइम सीन वीडियोग्राफी ऐप जल्द होगा लागू

एनसीआरबी की ओर से विकसित क्राइम सीन वीडियोग्राफी ऐप को पहले फेज में मुजफ्फरनगर, बाराबंकी और अलीगढ़ में शुरू किया गया है। प्रदेश के अन्य जिलों में इसे लागू करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई है और तकनीकी सेवा मुख्यालय पर पूरी प्रक्रिया के लिए तकनीकी समिति गठित की गई है। कन्नौज, अलीगढ़, गोंडा और बरेली में फोरेंसिक लैब संचालित की जा चुकी है। अन्य 66 जिलों में अस्थायी फील्ड यूनिट की स्थापना हुई है। शेष जिलों में शीघ्र डेडीकेटेड अस्थायी फील्ड यूनिट की स्थापना की जा रही है।

### अपने भवनों में होंगे परिक्षेत्रीय साइबर थाने

प्रदेश के सभी 1531 थानों में साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना हो चुकी है और नियुक्त कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। 18 परिक्षेत्रीय साइबर थानों के प्रशासनिक भवन निर्माण सम्बन्धी कार्यवाही की जा रही है। सात परिक्षेत्रीय साइबर थानों वाराणसी, झांसी, बस्ती, अलीगढ़ आजमगढ़, गोरखपुर और बांदा के लिए कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

## Azam Khan ने लोकसभा चुनाव 2019 में क्या दिया था भाषण, जिसे कोर्ट ने माना भड़काऊ



सपा विधायक आजम खां ने लोकसभा चुनाव 2019 के प्रचार के दौरान रामपुर के मिलक क्षेत्र में सात अप्रैल 2019 को एक जनसभा की थी। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत संवैधानिक पदों पर बैठे अधिकारियों के खिलाफ अपशब्द का इस्मेमाल किया था। जिसके बाद उन पर भड़काऊ भाषण देने का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी मुकदमे में अदालत ने आजम खां को दोषी करार देते हुए तीन साल कैद की सजा सुनाई है।

### एफआइआर में क्या लिखा

अप्रैल 2019 में दर्ज एफआइआर के अनुसार सपा नेता आजम खां ने अपने भाषण में कहा था कि मोदी जी आपने हिंदुस्तान में ऐसा माहौल बना दिया है जिससे मुसलमानों का जीना दूभर हो गया है। बहुत उमस की जिंदगी गुजार रहे हैं। चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर खड़े प्रत्याशी पर भी अपशब्द कहे थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ भी बोले थे अपशब्द

कांग्रेस प्रत्याशी के लिए कहा था कि वह सिर्फ मुसलमानों से वोट न मांगे, कुछ हिंदू भाइयों से भी जाकर वोट मांगे। कांग्रेसी सारा दिन मुसलमानों से वोट मांग रहे हैं ताकि मुसलमानों का वोट काटकर भाजपा को जिता सकें। मुसलमानों से अपील की थी कि जो तुम्हे अपशब्द कहते हैं उनसे बदला लो।

### रामपुर जिलाधिकारी के लिए बोले थे अपशब्द

उस समय के रामपुर जिलाधिकारी पर भी अपशब्द कहे थे। आजम खां ने कहा था कि रामपुर में ये कैसा कलेक्टर आया है जो अपने साथ तीन अधिकारी लेकर आया है। एक महीने में इस कलेक्टर ने रामपुर को नरक बना दिया है। दंगा कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। जिलाधिकारी के परिवार वालों के खिलाफ भी आजम खां ने अपशब्द का इस्तेमाल किया था।

### आजम को तीन साल कैद सजा

लोकसभा चुनाव में भड़काऊ भाषण देने के इस मामले में सभी गवाही पूरी हो चुकी हैं। रामपुर एमपीएमएलए कोर्ट ने सपा नेता आजम खां को दोषी भी करार दे दिया है। साथ में तीन साल कैद की सजा सुनाई है। मामले में आजम खां को अधिकतम तीन साल कैद की सजा हो सकती है।

## राजनाथ सिंह बोले- लेकर रहेंगे PoK, गिलगित-बाल्टिस्तान के बिना अधूरा है J&K का विकास



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीओके को लेकर पाकिस्तान को अल्टिमेटम दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान अपने कब्जे वाले कश्मीर में लोगों पर बहुत अत्याचार कर रहा है और उसे इसका परिणाम भी भुगतना पड़ेगा। उन्होंने सीधा कहा कि गिलगित-बाल्टिस्तान तक पहुंचने के बाद ही जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का विकास सुनिश्चित हो पाएगा। शौर्य दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, हमने अभी जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की विकास यात्रा शुरू की है। जब हम गिलगित-बाल्टिस्तान तक पहुंच जाएंगे तभी लक्ष्य पूरा होगा। बता दें कि श्रीनगर में 1947 में आज के ही दिन श्रीनगर में भारतीय वायुसेना ने लैंडिंग की थी। इस दिन को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है।

आतंकवाद को लेकर करारा हमला

राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान आम लोगों पर जो जुल्म कर रहा है, उसके परिणाम भी उसके सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। पाकिस्तान आतंक का पनाहगाह बना हुआ है और वह आतंकियों का इस्तेमाला भारत के खिलाफ करता है। उन्होंने कहा कि 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने का सरकार का फैसला जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ होने वाले भेदभाव को खत्म कर चुका है। भारत पाकिस्तान बंटवारे की बात करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि 1947 में विभाजन की कथा लिखी गई थी। अभी इसकी रक्त वाली स्याही सूखी थी, तभी पाकिस्तान ने विश्वासघात करना शुरू कर दिया। पाकिस्तान ने अपना जो चरित्र दिखाया है उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि कश्मीर में पाकिस्तान ने जो खून बहाया है उसके पीछे केवल भारत को टारगेट करना है।

# अंतिम संस्कार के बाद हुई शव की शिनाख्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- चार दिन पहले बस स्टैंड पर वाहन की टक्कर से घायल हुए अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई चार दिन पहले बस स्टैंड पर वाहन की टक्कर से घायल हुए अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। घरवालों को फोटो दिखाएं। फोटो को देखकर घरवालों ने शव की शिनाख्त कालीचरण उर्फ काली निवासी चुरथरा अवागढ़ के रूप में की। शव का पोस्टमार्टम होने के बाद अंतिम संस्कार भी करा दिया। चार दिन पहले बस स्टेंड पर वाहन की टक्कर से अधेड़ घायल हो गया था। इलाज के दौरान मौत हो गई थी। नगर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था। बताया जा रहा है कि बुधवार को पंपलेट छपवाने के लिए घरवालें दुकान पर पहुंचे थे। वही पर उन्हें शव की जानकारी हुई। जानकारी के बाद थाना अवागढ़ गए। पुलिस ने घरवालों को फोटो दिखाएं। फोटो को देखकर घरवालों ने शव की शिनाख्त कालीचरण उर्फ काली निवासी चुरथरा अवागढ़ के रूप में की। एसएसआई अवागढ़ अनुज शर्मा ने बताया कि घर से नाराज होकर निकल आए थे और उसके बाद पता नहीं चला था।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन पांच नवंबर को

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछडा, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग की बेटियों की शादी के लिए पांच नवंबर को अलीगंज में सामूहिक विवाह का आयोजनज्-अनुसूचित' जाति, जनजाति, अन्य पिछडा, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग की बेटियों की शादी के लिए पांच नवंबर को अलीगंज में सामूहिक विवाह का आयोजन होगा। सामूहिक विवाह को 'मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना' प्रारम्भ की गयी है। योजना में आवेदक धर्म एवं रीति रिवाज के अनुसार शादी करायी जाएगी। यह जानकारी सीडीओ डॉ. अवधेश कुमार वाजपेयी ने दी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# जिला कारागार के बाहर बहनो की लगी लम्बी लम्बी कतारें



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा जनपद कारागार मे भाई बहन के स्नेह और प्रेम का त्यौहार भैय्या दौज बड़ी ही धूम धाम से मनाया गया। जिला कारागार के बाहर बहनो की लगी लम्बी लम्बी कतारें। कल 1000 से अधिक बहनो ने एटा जेल मे पहुंचकर जेल मे निरुद्ध अपने भाइयों से भाई दोज करवाने एटा जेल पहुंची बहने। आज भाई बहनों का सिलसिला आना रहा जारी लगभग 300 से ज्यादा बहने मनाएंगे भाई दूज बहनो ने भाइयों के माथे पर तिलक, रोली चन्दन लगाकर व मिष्ठान खिलाकर मनाया भाई दोज का त्यौहार। बहने बोली हमने ईश्वर से प्रार्थना की हैं कि मेरे भाई जल्दी से जल्दी जेल से रिहा हों। एटा जेल मे वर्तमान मे निरुद्ध हैं 1320 बंदी। इस मौके पर जेल प्रशासन ने भाई बहन की दौज करवाने के लिये व्यापक इंतजाम किए थे। महिलाओं की तलाशी करके जेल मे प्रवेश दिया गया। आई हुई महिलाओं ने जेल अधीक्षक की सुरक्षा का वह इंतजाम की प्रशंसा

# सड़क किनारे उड़ती धूल में खुली बिकीं मिठाइयां

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जैथरा- भाई दूज के अवसर पर मिठाई विक्रेताओं ने सड़क के किनारे काउंटर लगा लिए। सड़क से उड़ती धूल और गंदगी इन मिठाइयों पर छाती रही, इसके बावजूद खुली ही रखकर मिठाई बेची गई। भाई-बहन के प्यार के त्योहार भाई-दूज पर बहनें अपने भाइयों को देने के लिए मिठाई जरूर खरीदती हैं। ऐसे में मिठाई की बंपर मांग रहती है। इसका फायदा उठाते हुए जहां मिठाई विक्रेता मिलावटी मिठाई खपाते हैं। वहीं सफाई के मानकों का भी पालन नहीं करते। बुधवार को भी कस्बे के नामचीन मिष्ठान विक्रेताओं के यहां भी सफाई मानकों का उल्लंघन होते नजर आया। सड़कों के किनारे पर खुले में मिठाई रखकर बेची जा रही थी। जबकि वाहनों के गुजरते ही धूल उड़कर मिठाई पर छा जाती थी। जिम्मेदारों ने भी इस मनमानी की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। खाद्य सुरक्षा विभाग की सहायक आयुक्त डॉ. श्वेता सैनी ने बताया कि दिवाली से पहले शासन के निर्देश पर अभियान चलाया गया था। अवकाश के बाद फिर छापामार और जागरूकता कार्रवाई की जाएगी

# दरोगाजी के आगे सर्वोच्च न्यायालय की नसीहतें बौनी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जी हां, ये पुलिस के दरोगाजी हैं। इनके आगे नियम-कानून यहां तक कि सर्वोच्च न्यायालय की नसीहतें तक बौनी हो जाती हैं। हर ओर सुलह-समझौते के माध्यम से विवाद निपटाए जाने की कोशिशें की जा रहीं हैं तो पुलिस की कार्यशैली इसमें रोड़ा बन रही है। ऐसा ही एक मामला निधौली कलां थाना क्षेत्र का सामने आया है। जहां दो पक्षों में विवाद हुआ और एक ओर से रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। बाद में वादी पक्ष ने इसे गलती मानते हुए कार्रवाई न करने को शपथपत्र दे दिए। इस आधार पर समझौता हो जाना चाहिए लेकिन मामले के विवेचक ने मुकदमा खत्म करने के लिए 20 हजार रुपये की मांग रख दी। साफ कहा कि रुपया विभाग में कई जगह बांटना पड़ता है। आरोपी पक्ष ने इसका वीडियो बना लिया। इस वीडियो में आरोपी पक्ष की ओर से पूछा जा रहा है कि मामले का निपटारा किस तरह करना है? इस पर मुकदमे के विवेचक एसआई कहते दिख रहे हैं कि काम कराना है तो खर्चा करना पड़ेगा। आरोपी पक्ष की ओर से पूछा गया कि क्या खर्चा आएगा? दरोगाजी बता रहे हैं कि 20 हजार से कम में काम नहीं होगा। कई जगह रुपया बांटना पड़ता है। पांच हजार तो एसपी कार्यालय में ही चले जाते हैं। आरोपी दिहाड़ी मजदूर है, उसकी गरीबी का वास्ता देकर कुछ कम में काम कराने की गुजारिश आरोपी पक्ष की ओर से की गई लेकिन दरोगाजी ने इस पर साफ मना कर दिया।

# लापरवाही : दो दिन में अभियान खत्म, ट्रैक्टर-ट्रॉली में सफर जारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कानपुर में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से हुए हादसे के बाद सरकार ने आदेश दिया तो जोर-शोर से चेकिंग अभियान चलाया गया लेकिन दो दिन में ही यह ठंडा पड़ गया। जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली में सफर जारी है। इन दिनों त्योहार की भीड़ में मैटाडोर सहित अन्य मालवाहक वाहनों में भी सवारियां ढोई जा रहीं हैं। वहीं, प्रशासन ने हादसों के खतरों को छूट दे दी है। कानपुर में 2 अक्तूबर को यात्रियों को लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से भीषण हादसा हुआ था। जिसमें 27 लोगों की जान गई थी। इस हादसे की गूंज से सरकार भी हिल गई और ट्रैक्टर-ट्रॉली में यात्रा को प्रतिबंधित कर दिया गया। साथ ही चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश जारी किए गए। इसे लेकर जिले में भी अभियान शुरू किया गया। कुछ स्थानों पर ट्रैक्टर-ट्रॉली की धरपकड़, चालान आदि कार्रवाई भी की गई लेकिन दो दिन चलकर अभियान तुरंत ही बंद हो गया। अब हाल ये है कि जिला मुख्यालय से निकलने वाले हर मार्ग पर माल वाहक वाहनों में यात्रियों को ढोया जा रहा है। देहात क्षेत्रों में हाल इससे भी ज्यादा बुरा है। अनधिकृत रूप से यात्रियों को हर मार्ग पर ले जाया जा रहा है। बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग जीटी रोड से लेकर कासगंज रोड, अलीगंज रोड, निधौली रोड, आगरा रोड, सकीट रोड, गंजडुंडवारा रोड पर कहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली तो कहीं मालवाहक वाहन में लोग सफर करते नजर आए।

# बिना लाइसेंस पटाखे पकड़े, पुलिस पर रुपये लेने का आरोप

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- शहर के पीपल अड्डा पर लगे पटाखा बाजार में अग्निशमन विभाग ने बिना लाइसेंस चलती एक दुकान पकड़ ली। व्यापारी ने पुलिस पर रुपये लेकर दुकान लगवाने का आरोप लगाते हुए दमकल कर्मियों से अभद्रता कर दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आबादी वाली जगहों पर आतिशबाजी बेचने पर पहले ही पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों में पटाखा बाजार तय किए गए थे। शहर में सैनिक पड़ाव में इस तरह का बाजार लगवाया गया। अन्य किसी आबादी में पटाखे नहीं बेचे जा सकते थे। आरोप है कि पटियाली गेट पुलिस चौकी पर तैनात कर्मियों ने रुपये लेकर पीपल अड्डा पर आतिशबाजी की दुकानें लगवा दीं। दोपहर के समय वहां अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची और आतिशबाजी जब्त कर ली। पटाखे ले जाते समय व्यापारियों ने विरोध किया और नोकझोंक भी हुई। इसके बाद व्यापारियों ने काफी हंगामा किया। व्यापारी प्रशांत गुप्ता का कहना था कि यहां 30 हजार रुपये लेकर दुकानें लगाने के लिए पटियाली पुलिस चौकी ने कहा था। पैसा पुलिस चौकी प्रभारी रीतेश कुमार ने एकत्रित कराया था। हमारी दुकान सबसे बड़ी थी इसलिए हमसे नौ हजार रुपये लिए गए। अग्निशमन विभाग वाले हमारे पटाखे सहित रुपयों भरी गोलक भी उठा ले गए। एफएसओ केतन कुमार ने बताया कि अनधिकृत रूप से पीपल अड्डा पर पटाखे बेचे जा रहे थे। कार्रवाई के दौरान व्यवसायी ने विरोध करते हुए गलत आरोप लगाना शुरू कर दिए।

# भैयादूज पर्व पर रोडवेज बसों में उमड़ी भीड़

गुरुवार को भैयादूज पर यात्री उमड़ पड़े। रोडवेज बसों में भीड़ होने से अधिकारी भी सतर्क हो गए। बसों में सवार होने के लिए यात्रियों में मारामारी रही। ज्यादातर संभल, चंदौसी व बदायूं की भीड़ रहीं। रोडवेज ने भी भीड़ देख इन्हीं रूटों पर बसों को रवाना किया। मुरादाबाद में रोडवेज बसों में यात्रियों का रेला पहुंचा। दिवाली के बाद भैया दूज पर्व पर रोडवेज बसों में भीड़भाड़ रहीं। भाई को टीका करने के लिए तमाम बहनों ने बस से सफर करना तय किया। लिहाजा मुरादाबाद और पीतल नगरी डिपो पर सुबह से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई। डिपो पर यात्रियों को देख रोडवेज अधिकारी भी सक्रिय हो गए। मुरादाबाद डिपो पर सुबह पहले दिल्ली और गजरौला के यात्री निकले पर ज्यादातर भीड़ पीतल नगरी डिपो पर रहीं। यात्रियों की भीड़ देख व्यवस्था संभाल रहे डिपो के एआरएम प्रेम सिंह का कहना है कि पर्व पर ज्यादा भीड़ आसपास के क्षेत्रों की रही। चंदौसी,





संभल, बदायूं के अलावा बरेली जाने वाले यात्रियों को बसों से रवाना किया गया। तमाम तैयारी के बावजूद लोगों को बसों में सवार होने को दुश्वारियों को जूझना पड़ा। खासकर छोटे बच्चों को खिड़की के जरिए बस में बैठाया। महिला और लोगों को अंदर घुसने के लिए धक्का मुक्की करनी पड़ी।


# जेल में भैयादूज मनाने को उमड़ी बहनों की भीड़



मुरादाबाद जिले के अन्य हिस्सों की तरह जिला जेल में भी भैयादूज का त्योहार मनाया जा रहा है। दूज पर भाई को तिलक कर उसके सुख-समृद्धि और लंबी उम्र की कामना करने बड़ी संख्या में महिलाएं जेल पर पहुंची है। सुबह से जेल के बाहर लाइन लगी है। त्योहार पर जेल प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए है। गेट पर चेकिंग के बाद ही लोगों को अंदर प्रवेश दिया जा रहा है। बताया गया कि जेल में करीब साढ़े तीन हजार पुरुष और 145 महिलाएं बंद है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ वीरेश राज शर्मा ने बताया कि जेल में भाइयों से मिलने आ रही महिलाओं को दिक्कत न हो, इसके लिए पूरा इंतजाम किया गया है। त्योहार मनाने के लिए बंदियों को पर्याप्त समय दिया जा रहा है। त्योहार पर बंदियों के लिए अच्छे भोजन और मिष्ठान की व्यवस्था भी जेल प्रशासन की ओर से की गई है।

# गंगा स्नान पर मुरादाबाद से होगा रूट डायवर्जन, दिल्ली, हापुड़, मेरठ, गाजियाबाद के लिए देखें ट्रैफिक प्लान

गंगा स्नान मेले को बिना जाम के झाम के आयोजित कराने के उद्देश्य से अमरोहा-हापुड़ पुलिस-प्रशासन की बैठक में रूट डायवर्जन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में अमरोहा में यातायात व्यवस्था चरमराने पर गंगा स्नान के दौरान मुरादाबाद से हाईवे 9 पर डायवर्जन किया जाना तय हुआ है। यातायात सुगम रखने के लिए पुलिस ने किया ट्रैफिक प्लान तैयार, 7, 8 और 9 नवंबर को लागू किया जा सकता है रूट डायवर्जन। 28 अक्तूबर से मेला शुरू होगा। 8 नवंबर की शाम को दीपदान पर उमड़ने वाली भीड़ से जाम लग सकता है। अगर जाम की स्थिति बनती है तो भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन किया जाएगा। लेकिन इस बार रुट डायवर्ट गाजियाबाद से नहीं होगा। मेला मीटिंग में हापुड़ डीएम मेधा रूपम, एसपी दीपक भूकर के अलावा अमरोहा डीएम और एसपी मौजूद रहे। रूट डार्यवर्जन में ऐसे होगी भारी वाहनों के जाने की व्यवस्था दिल्ली से मुरादाबाद दिल्ली से हापुड़, यहां से बुलंदशहर से नरौरा वाया डिबाई से बबराला से बहजोई से चन्दौसी से वाहन मुरादाबाद जाएंगे। हापुड़ से मुरादाबाद हापुड़ से गुलावठी से बुलंदशहर से नरौरा वाया डिबाई से बबराला से बहजोई से चन्दौसी से मुरादाबाद। मेरठ से मुरादाबाद जाने



वाला यातायात मेरठ से मुरादाबाद जाने वाले यातायात को मवाना रोड से मीरापुर बैराज से बिजनौर कोतवाली होकर नहटौर से धामपुर से काठ होते हुए निकाला जाएगा। मुरादाबाद से दिल्ली मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाले भारी वाहनों को मुरादाबाद क्षेत्रान्तर्गत कांठ से धामपुर से नहटौर से बिजनौर से मीरापुर से मवाना से मेरठ मोदीनगर से गाजियाबाद होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा। मुरादाबाद से दिल्ली मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाले भारी वाहनों को जनपद अमरोहा से जोया से नौगांवा सादात नुरपूर वाया हल्दौर बिजनौर बैराज से मीरापुर, मवाना, मेरठ, मोदीनगर से गाजियाबाद निकाला जाएगा। गजरौला से दिल्ली गजरौला से दिल्ली जाने वाले भारी वाहनों को गजरौला से चांदपुर से हल्दौर से बिजनौर, मीरापुर बैराज से मवाना से मेरठ से मोदीनगर से गाजियाबाद से निकाला जाएगा। दिल्ली से रामपुर दिल्ली से रामपुर जाने वाला वाहनों को हापुड़ से डायवर्ट करके बुलंदशहर से नरौरा से बबराला से बहजोई से चंदौसी से बिलारी से शाहबाद होते हुए रामपुर भेजा जाएगा। मुरादाबाद से मेरठ मुरादाबाद से मेरठ जाने वाले भारी वाहनों को अतरासी रोड से अमरोहा से नौगावां सादात से नुरपूर बिजनौर, बैराज से मीरापुर से मेरठ भेजा जाएगा। - रामपुर से दिल्ली रामपुर से दिल्ली जाने वाले भारी वाहनों को रामपुर क्षेत्रांतर्गत शाहबाद से डायवर्ट होकर बिलारी से चंदोसी से बबराला से नरौरा से सिकन्दराबाद से नोएडा से दिल्ली भेजा जाएगा। अमरोहा से दिल्ली अमरोहा से दिल्ली जाने वाले वाहनों को नूरपुर से बिजनौर से मवाना से मेरठ, गाजियाबाद से दिल्ली भेजा जाएगा। धनौरा बछराउं से दिल्ली धनौरा से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को चांदपुर से बिजनौर ले मवाना मेरठ होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा। मेला मार्ग पर दिए जाएंगे नंबर- एएसपी मुकेश मिश्र ने बताया कि यातायात सुगम के लिए मेला क्षेत्र में बनने वाले सभी मार्गो को नंबर दिए जाएंगे। ताकि किसी को अपना डेरा पड़ाव खोजने में दिक्कत न हो।

# जान बचाने को सावधानी जरूरी, डेंगू का खतरा बढ़ा तो मरीजों के अचानक बेहोश होने का डर बढ़ा

मुरादाबाद जिले में डेंगू से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही कई मरीज हालत बिगड़ने के चलते खतरे में पड़ रहे हैं। चिकित्सकों ने डेंगू के मरीजों को जान का खतरा घटाने के लिए विशेष रूप से ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत बताई है। चिकित्सकों के मुताबिक डेंगू से पीड़ित कई मरीजों में ब्लड प्रेशर तेजी से घटने के मामले बढ़ रहे हैं। डिप्टीगंज में निजी अस्पताल के संचालक डॉ.नितिन बत्रा ने बताया कि डेंगू के संक्रमण से प्लेटलेट्स की संख्या घटने के चलते मरीजों का बीपी घट रहा है। कई मरीज 70 से 80 बीपी होते हुए खुद चलकर पहुंच रहे हैं। ऐसे मरीजों के अचानक बेहोश हो जाने के केस बढ़ रहे हैं। क्योंकि, बीपी के इससे नीचे पहुंचते ही मरीज के बेहोश होने का खतरा बढ़ जाता है। लिहाजा, डेंगू से पीड़ित के ब्लड प्रेशर को लगातार मापते रहना बहुत जरूरी है। बीपी के सौ से नीचे पहुंचते ही मरीज को अस्पताल में भर्ती करके इलाज की जरूरत होती है। गांधी नगर में नर्सिंग होम संचालक डॉ.सीपी सिंह ने बताया कि डेंगू की आशंका वाले बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या रोजाना बढ़ रही है। कई मरीजों में प्लेटलेट्स काउंट भी कम मिल रहा है। ऐसे मरीजों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## ज्यादा नहीं घबराएं, डेंगू की रैपिड जांच कराएं

डॉक्टरों के मुताबिक बुखार के साथ उल्टी होना और मिचली होना डेंगू का सबसे बड़ा लक्षण है। इस स्थिति में घबराएं नहीं बल्कि मरीज की डेंगू की जांच कराएं। बताया कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में डेंगू की रैपिड जांच शुरू कर दी गई है। रैपिड जांच में डेंगू की पुष्टि होते ही मरीज का इलाज चालू कर दिया जाएगा।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Currency in politics

When politics starts finding symbols or issues for itself outside public service, then there is not only worry, but also a sense of regret arises. Is it necessary to have an idol of any god or goddess on Indian currency? Will this happen to boost the country's economy? Will this make the atmosphere divine in the country? Now many such questions are being raised, for which there is neither room nor time in our democracy. It is the spirit of the Constitution of the country that no political party should use religion or its symbols for votes. India is a secular nation, the administration or politics here should not have any particular inclination towards any one religion. The justification of Mahatma Gandhi's photo on the currency is understandable, but if there are pictures of deities there, then a new series will start. Similar demands will arise from other religions and perhaps the currency will be religiousised. The parties which are in favor of images of gods and goddesses on the currency should support their claim with practical reasoning in the light of the Constitution. Great care has also been taken while issuing postage stamps in India. Nearly five years have passed since the tickets for the Ramayana series were issued. Tickets have been issued on religious saints, but in this too a lot of care has been taken, it should also be taken. It is different in countries like Thailand or Indonesia, where some religions are officially recognized and currency symbols of those religions have also been in practice. By the way, the demand for mudras with the picture of deities is not new in India. It is an old argument that the image of Lord Ganesha as the god of knowledge, arts and science can be depicted on Indian currency. Lakshmi, the goddess of wealth, can also be depicted on the coins. But we know very well that in India the religious sentiment of one community hurts the other community and that is why such a decision should be avoided. There is also a demand that there should be no human picture on the notes, this is also a matter of discussion.

However, should we learn from the Indonesian government? Keep in mind that officially six religions are recognized there, while no religion is officially recognized in India. To avoid controversy, the framers of the constitution neither adopted the Gregorian calendar of the Christian tradition nor the Vikram Samvat of the Sanatan tradition. We gave official recognition to Shaka Samvat. Yes, we should study Indonesia, because its politics or policies do not foster bigotry. About 87 percent of the population there is Muslim, it is the most populous Muslim nation. Only 1.7 percent of the population there is Hindu. Still, pictures of Shiva, Ganesh etc. are found on the coins of that country. But remember, there is a difference between India and Indonesia. Here the thinking of people in different religions does not match each other like we see in Indonesia. If India wants religious symbols on its currency, then all parties will have to sit together and think. Along with this, we have to proceed by examining the constitutional provisions. If we go on looking only at political mathematics, then we will go on getting into the quagmire of communal politics.

# Sara Ali Khan dropped out of Vicky Kaushal's film, this South actress won

Sara Ali Khan Vicky Kaushal: Actress Sara Ali Khan and Vicky Kaushal's film The Immortal Ashwatthama has been in discussion for a long time. However, for some time there was no discussion about this film. At the same time, there are reports that the film is ready to come back on the floor, but this time many changes have been made in this film. Sara Ali Khan will no longer be seen in this film with Vicky Kaushal. Sara Ali Khan out of the film The Immortal Ashwatthama According to the report of India Toote, the decision has been taken to replace the film's lead actress Sara Ali Khan. If the makers are to be believed, an actress was to be cast opposite Vicky in the film, who looked older than her and the makers are not seeing that thing in Sara. In such a situation, Sara Ali Khan has been out of this film. Although earlier the young female character was to be featured in the film, so Sara was signed. At the same time, when the story was changed, along with it the actress also changed. This South actress will be seen with Vicky Kaushal - If the news is to be believed, the makers have stamped the name of South's Kareena i.e. actress Samantha Ruth Prabhu by removing Sara. However, till now the makers have not given any confirmation on this matter. Let us tell you that Aditya Dhar is going to direct this film. The pre-production of the film has also started. The story of this film is based on the character Ashwatthama of Mahabharata. Now it is to be seen when the film will be released. Samantha will be seen in these Bollywood films - After impressing people with her acting in 'The Family Man 2', Samantha Ruth Prabhu has many Bollywood projects these days. Recently, there was news that she is going to be seen with Akshay Kumar soon. At the same time, Ayushman will also share the screen with Khurana.



# Listen to Latest Chhath Special Songs of many Singers from Akshara Singh to Khesari Lal

Preparations are in full swing in Bihar and other states regarding the festival of Chhath. This festival of folk faith is going to start from October 28. With this festival, there is a lot of enthusiasm among the people regarding the songs of Chhath. Many Chhath Puja Special Songs are trending on YouTube. Many actors and singers of Bhojpuri industry have also released Chhath Puja special songs. From Akshara Singh to Khesari Lal Yadav, many artists have released their latest songs for this Chhath Puja. Best chhath song of akshara singh- A day before, Bigg Boss fame and Bhojpuri star Akshara Singh has released Chhath song in her voice. The name of this song is 'Sunali Arziya Hey Dinanath'. This song is sung by Akshara Singh and Aayush Anand. Aayush Anand wrote that it was a great pleasure to sing a song with Akshara Singh. Listen to all of you and give your love, Jai Chhath Mayya. Famous Bhojpuri actor Khesari Lal Yadav's Chhath song is very popular among fans. sung by Shilpi Raj with Khesari Lal Yadav. The fast music of this song is creating more excitement among the audience for Chhath festival. This song has got more than 10 million views. Mahi Srivastava in Neha Raj's Chhath Song



# पनेठी पर तीन अलग अलग सड़क हादसों में एक की मौत छः की हालत गंभीर

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़-अकराबाद - पनेठी के निकट तीन अलग अलग सड़क हादसों में एक मजदूर की मौत हो गई वहीं छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। की तड़के पनेठी के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। वह पनेठी पर एक पूड़ी कचौड़ी विक्रेता के यहां मजदूरी पर पूड़ियां बेलने का काम करता था। गांव पनेठी निवासी नन्नू पुत्र बाबूलाल पनेठी पर ही एक पूड़ी कचौड़ी विक्रेता के यहां काम करने जा रहा था। वह रास्ते में जैसे ही शराब ठेका के पास पहुंचा तभी पीछे से आये एक तेजरफ्तार वाहन ने उसमें टक्कर मारदी हादसे में नन्नू ( 50 ) की मौके पर ही कुछ देर तड़फने के बाद मौत हो गई। नन्नू ने अपने पीछे दो बेटों सोनू व अमन को रोते बिलखते छोड़ा है। वहीं दूसरी घटना पनेठी फ्लाईओवर के निकट हुई जिसमें नोयडा से पटियाली जा रही कार व ट्रैक्टर के बीच भिडंत हो गई। हादसे में कार सबार चार लोग घायल हो गये।हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायल रिया पत्नी संजय कुमार, रविता पत्नी सोनू,संजय पुत्र प्रेमपाल, अमन पुत्र विनोद निवासी नोयडा को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। वहीं तीसरी घटना में अलीगढ़ के चंदनियां चौक निवासी योगेश सैनी पुत्र जगदीश प्रसाद हेमा पत्नी योगेश रीना पत्नी राजकुमार, मुनेश कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद दौज खिलाने के लिए कार द्वारा अपनी ससुराल नारखी फिरोजाबाद जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार पनेठी के निकट पहुंची तभी अचानक सामने आई बाइक को बचाने के प्रयास में कार डिबाइडर से जा टकराई हादसे में सभी घायल हो गये पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

# केजरीवाल द्वारा हिंदू देवी देवताओं का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा है कि केजरीवाल लक्ष्मी गणेश भगवान की मजाक बना रहे हैं इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि लक्ष्मी गणेश भगवान हिंदुओं की आस्था है हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाना इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने यह भी कहा है कि हिंदू देवताओं का मजाक पहले भी उड़ा चुके हैं देवताओं को गंदी-गंदी गालियों का इस्तेमाल करते थे आज गुजरात के चुनावों में हिंदू देवता याद आ रहे हैं केजरीवाल हिंदू देवताओं की मजाक उड़ा रहे हैं उनको अपमानित कर रहे हैं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि केजरीवाल देवी-देवताओं पर विवादित टिप्पणी हमेशा करते आए हैं अपमानित करते आए हैं आज फिर गुजरात के चुनावों में गणेश लक्ष्मी जी का अपमान किया है जगह-जगह मजाक उड़ा रहे हैं अगर वह अपनी आदत से बाज नहीं आए तो भाजपा किसान मोर्चा किसानों को साथ लेकर हर चौराहे पर केजरीवाल के पुतले फूंक देंगे प्रदर्शन करेंगे भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि गुजरात में पहले से अधिक वोट पाकर पूर्ण बहुमत से बीजेपी की सरकार बनेगी केजरीवाल कितनी भी जनता को गुमराह कर ले गुजरात में खाता ताकि नहीं खोल पाएंगे हिंदू देवी देवताओं का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसका मुंहतोड़ जवाब गुजरात में होने वाले विधानसभा में जनता देगी

# रोटरी क्लब ऑफ बरेली का 59वाँ महान दीवाली मेला 29, 30 एवं 31 अक्टूबर को

सत्यम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




बरेली-रोटरी क्लब ऑफ बरेली के सदस्यों को बरेली का सबसे पुराना एवं भव्य दीवाली मेला का आयोजन करने जा रहे है । इसी क्रम में क्लब द्वारा 59वाँ महान दीवाली मेला का आयोजन दिनांक 29, 30 एवं 31 अक्टूबर को बरेली क्लब ग्राउण्ड में आयोजित किया जा जाएगा। क्लब के अध्यक्ष डीपी सिंह ने कहा कि हमें गर्व है कि हम एक ऐसे ऐतिहासिक क्लब से जुड़े है जो एक ऐसे मेला का आयोजन करता है जिसका बरेली तथा आसपास के कई जिले के लोग इसके आयोजन का साल भर प्रतीक्षा करते है। मेले के आयोजन से बरेली की गंगा-जमुनी तहज़ीब का आभास होता है जिसमें हर वर्ग तथा हर आयु के लोग आकर खुशी की अनुभूति कर पाते है। क्लब के सचिव पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि महान दीवाली मेला के प्रथम दिवस 29 अक्टूबर को बच्चों द्वारा 卐तारे ज़मीन पर卐 कार्यक्रम में नृत्य आदि के द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रस्तुतिकरण, छोटे बच्चों द्वारा 卐बेबी शो卐 तथा 卐बेस्ट हेयर स्टाईल卐 का आयोजन , 卐फेस इन दा क्राऊड卐 और आकर्षक आतिशबाज़ी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही धमाकेदार म्यूज़िकल नाइट में मुम्बई के डान्स ग्रुप द्वारा गीत-संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सहमेला निर्देशक तथा मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि क्लब द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन, पोलियों कैम्प का आयोजन, गरीब लड़की की शादी के सामान का वितरण, जाड़ों में अलाव तथा कम्बलों का वितरण, चौकी चौराहा पर यात्री शेड का निर्माण , मोर्चरी का समाज को अर्पित करना, वाटर कूलर लगवाना, वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन, गर्मी में शरबत वितरण तथा जाड़ों में चाय वितरण आदि प्रमुख कार्य शामिल है। पूर्व अध्यक्ष विनय कृष्ण ने बातया कि इस बार मेला में काफी सारे नवीन प्रकार के स्टालों को समायोजन किया गया है जिसमें लखनऊ की चिकनकारी, हथकर्घा उद्योग से सम्बन्धित वस्तुएँ, आर्टीफीशियल ज्वैलरी तथा घर के साजो-सज्जा आदि के स्टाल प्रमुख रूप से शामिल है जिससे आने वालों को इस बार मेला में एक नये प्रकार की अनुभूति प्राप्त होगी। प्रेसवार्ता में अध्यक्ष डीपी सिंह, पूर्व अध्यक्ष डॉ0 ऐ के चौहान, पूर्व अध्यक्ष नरेश मलिक, सचिव पंकज श्रीवास्तव, मेला निर्देशक शेखर यादव, सहमेला निर्देशक प्रधीर गुप्ता, सहमेला निर्देशक एवं मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजीव औतार अग्रवाल, अध्यक्ष निर्वाचित अरविन्द गुप्ता, विमल अवल, राजीव गुप्ता, मनीष गोयल, मनोज गिरी, सुधांशू शर्मा, मोहित वैश्य, अंकित अग्रवाल, शलभ गोयल, प्रेम यादव, अभिलाष राणा, विपिन गर्ग आदि उपस्थित रहे ।।

# ट्रैक्टर के रोटवेटर में फंसा युवक, मौत

योगेश मुद्गल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-मारहरा - थाना क्षेत्र के गाँव सराय जरेलिया में गुरुवार की शाम खेत मे। चल रहे ट्रैक्टर के रोटवेटर में फंसने से युवक की मौत हो गयी। सराय जरेलिया निवासी सोनपाल के खेत में ट्रैक्टर से जुताई हो रही थी । उसी दौरान रोटावेटर हल में खेत में पड़े गन्दे कपड़े फंस गए जिन्हें निकालने के लिए किसान का पुत्र गोपाल उम्र करीब 22 बर्ष चलते हलों से कपड़ा निकालने लगा उसी में गोपाल का हाथ फंस गया और रोटवेटर उसे अंदर खींच ले गया जब तक ट्रैक्टर बन्द होता कुछ ही पलों में हल ने युवक को पीस दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी । घटना की सूचना पर परिजन और ग्रामीणों ने युवक की हल से निकाल कर दाह संस्कार कर दिया ।

## चौकीदार की मृत्यु पर इंस्पेक्टर ने की आर्थिक सहायता



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- इंस्पेक्टर जमालपुर मनोज कुमार ने काफी समय से बीमार चल रहे चौकीदार बाबू नंदन कि आज स्वभाविक मृत्यु हो जाने के बाद उनके घर पहुंचकर परिवार वालों को सांत्वना देते हुए आर्थिक सहायता प्रदान किया।इस संदर्भ में इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि चौकीदार की मृत्यु की सूचना मिलते ही काफी दुख हुआ हम इस विषम परिस्थिति में उनके परिवार के साथ है भगवान उनके परिवार वालों को सहनशीलता दें।

# पशु किसान क्रेडिट कार्ड ऋण में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने पहुंची टीम

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- भैयाथान- सहकारिता मंत्री के गृह जिले अन्तर्गत शिवप्रशादनगर सहकारी समिति में पशु किसान क्रेडिट कार्ड ऋण के नाम पर किये गए भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद कलेक्टर ने चार सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। एसडीएम सागर सिंह सहित लीड बैंक मनीजर शिबू इपेन , उप पंजीयक जी.एस. शर्मा व सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी गिरजाशंकर साहू की चार सदस्यीय टीम ने बीते गुरुवार को जिला सहकारी बैंक भैयाथान एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सोनपुर में जब अचानक दबिश दी तो कर्मचारियों में हड़कंप मच गई । वहीं पशु किसान क्रेडिट कार्ड ऋण के गड़बड़ झाला में सामिल जिम्मेदार हतप्रभ हो गये और ऋण से जुड़े दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने का काफी प्रयास किया परंतु असफल रहे। जांच टीम सहकारी बैंक भैयाथान से पशु ऋण से जुड़े आवश्यक दस्तावेज संकलन कर सोनपुर सहकारी समिति पहुंचे जहां शिवप्रशादनगर समिति अन्तर्गत स्वीकृत पशु ऋण से जुड़े व अन्य आवश्यक दस्तावेज को जप्त किये। तदुपरांत बसदेई चौकी पुलिस के साथ पशु ऋण प्राप्त किसानों के घर पहुंचे जहां उनसे आवश्यक पूछताछ की और पंचनामा तैयार किया। क्या है मामला - दरअसल 11 अक्टूबर के जनदर्शन में सोनपुर समिति अंतर्गत किसानों ने- कलेक्टर से इस बात की शिकायत की थी कि यहाँ के समिति प्रबंधक जो शिवप्रशादनगर समिति के भी प्रभारी प्रबंधक हैं के पक्षपाती रवैये के कारण छः माह पूर्व जमा किये गये पशु किसान क्रेडिट कार्ड ऋण की स्वीकृति अब तक नही हो पाई है वहीं समिति प्रबंधक के द्वारा कूटरचित दस्तावेज के सहारे शिवप्रशादनगर समिति अंतर्गत करोड़ो का ऋण ऐसे सैकड़ों किसानों का कूटरचित दस्तावेज के सहारे स्वीकृत करा दिया है जो नियम विरुद्ध है एवं एक ही परिवार से 4 से 5 लोगों को पशु ऋण का लाभ दिया गया है, उक्त कृत्य में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक भैयाथान के शाखा प्रबंधक की भी भूमिका संदेहास्पद होने की बात कहते हुए किसानों ने कलेक्टर से शिकायत की थी, और जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग किये थे। भ्रष्टाचार की पूर्ण संभावना- सूत्रों की माने तो जांच दल के द्वारा पशु किसान क्रेडिट कार्ड में हुए भ्रष्टाचार की बारिकी से जांच की जा रही है । सहकारी बैंक व सहकारी समिति से प्राप्त दस्तावेज तथा



किसानों के बयान के आधार पर देखा जाये तो प्रथम दिवस के जांच में ही भ्रष्टाचार होने की पुष्टि की जा चुकी है। पशु क्रेडिट कार्ड के नाम से गलत तरीके से लगभग 2.5 करोड़ की राशि का लेनदेन करने का मामला सामने आया है किसानों ने जांच दल के समक्ष अपने बयान में समिति प्रबंधक व बैंक शाखा प्रबंधक के साथ -साथ कुछ रसूखदारों पर कमीशनखोरी करते हुए राशि बंदरबांट का आरोप लगाया है । साथ ही जांच के दौरान इस बात की भी पुष्टि की जा चुकी है कि जिस दुधारु पशु के नाम पर ऋण प्रदाय किया गया है वह पूर्ण रूप से नियम विरुद्ध है । जांच दल को किसानों के घर मे एक भी दुधारू पशु नही मिलने की बात कही जा रही है , हालाकि अभी विस्तृत जांच होना बाकी है। आने वाले दिनों में जांच के दौरान एक बड़ी राशि के बंदरबाट का मामला भी सामने आ सकता है। वहीं सूत्र तो यह भी बताते हैं कि त्योहार सीजन होने से जांच टीम छुट्टी में चली गयी है जिसके कारण कुछ दिनों के लिए जांच को रोका गया है। इस दौरान इस गड़बड़झाले में शामिल लोगों के द्वारा ऋण प्राप्त हितग्राहियों के घर-घर जाकर उन्हें जांच टीम को किस प्रकार बयान देना है के बारे में बताया जा रहा है। अगर आने वाले दिनों में जांच टीम को एक जैसा ही बयान मिलता है तो यह कोई आश्चर्य की बात नही होगी। होगी कार्यवाही- सूत्र बताते हैं कि जांच के दौरान जिस प्रकार का तथ्य एवं साक्ष्य सामने आया है उसके आधार पर बहुत जल्द भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगों पर एक बड़ी कार्यवाही देखने को मिलेगी। हालाकि कुछ कथित रसूखदार इस जांच को प्रभावित करने एवं किसी प्रकार कि कार्यवाही न हो उसके लिए युद्ध स्तर पर जोर आजमाइश करने में लगे हैं। परंतु अपनी इस प्रयास में वे सफल होते हैं या फिर दोषियों पर जिला प्रशासन सख्त कार्यवाही करता है यह देखना दिलचस्प होगा। प्रारंभिक जांच में कई खामियां पायी गयी है ,पशु ऋण के तहत जितनी राशि प्रदाय किया गया है उतनी पशु किसानों के पास नही है, जिसका भौतिक सत्यापन किया गया है। प्रथम दिवस के जांच में मात्र चार-पांच किसानों से ही पूछताछ की गई है, विस्तृत जांच अभी जारी है, जांच उपरांत दोषियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।


## आवश्यकता है

### उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

**knlslive@gmail.com**

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527


# गोवर्धन पूजा और गौठान स्थापना दिवस जीपीएम कलेक्टर आयोग की सदस्य और जनप्रतिनिधियो की उपस्तिथि में हुआ सम्पन्न

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



जीपीएम -आज जिला जीपीएम के ग्राम पंचायत पतरकोनी में गोवर्धन पूजा की गयी और गौठान स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें जिले की कलेक्टर आयोग की सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी की उपस्थिति में विधि विधान से पूजा की गयी विदित है की अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य अर्चना पोर्ते ने गोवर्धन पूजा और गौठान दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं और जिला की सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। आगे उन्होंने ने कहा की गोवर्धन पूजा लोकजीवन से जुड़ा त्यौहार है। दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा की जाती है, इसे अन्नकूट के रूप में में जाना जाता है। छत्तीसगढ़ में इस दिन गायों की पूजा करने की परम्परा रही है। गायों को सजा-धजा कर उनकी पूजा कर खिचड़ी खिलाई जाती है और गोधन के रूप में अमूल्य चीजों के लिए श्रद्धा और आभार प्रकट किया जाता है। कलेक्टर जीपीएम सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा जिला में चल रहे सुराजी गांव योजना के तहत जिला में गौठान बनाये जा रहे इन गौठानों को मल्टीएक्टिविटी सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है।*गौठानों के माध्यम से पशुपालन को अर्थव्यवस्था से जोड़ने, लोगों को रोजगार दिलाने और जैविक खेती को बढ़वा देने के प्रयास किये गए हैं। गौ पालकों से गोबर खरीद कर वर्मी कम्पोस्ट और दूसरे उपयोगी सामान बनाने की पहल की गई है। इसके अलावा गौठान बनने से किसानों की फसल की सुरक्षा के साथ ही उन्हें दोहरी फसल लेने का अवसर भी मिल रहा है। गौ-मूत्र का उपयोग कीटनाशक बनाने में इस साल से हमने गौ-मूत्र की खरीदी भी शुरू की है, जिसका उपयोग कीटनाशक बनाने में किया जा रहा है। इसका फायदा किसानों और पशुपालकों को मिलने लगा है। प्रवक्ता कांग्रेस वीरेंद्र सिंह बघेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ सरकार की योजना जीपीएम जिला में भी सुचारु रूप से चल रहा है ,जिसमे आम जन मानस को लाभ मिल रहा है , कार्यक्रम में मुखरूप से जनपद अध्यक्ष गौरेला ममता पैकरा उपाध्यक्ष सविता राठौर, मनीष दुबे महामंत्री किसान कांग्रेस, फहीम खान अल्पसंख्यक महासचिव, गणेश मार्को जनपद सदस्य, कौशिल्या सरपंच पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंकर कंवर एस डी एम, पुष्पेंद शर्मा सीईओ संजय शर्मा,सहित लोग उपस्थित थे ,

# नशीली दवाओं के साथ दो युवक गिरफ्तार,नशे का सौदागर गय जेल



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर-जिले में नशीली दवाईयां और नशे का सामान बेचने वाले बेखौफ धड़ल्ले से अपना धंधा संचालित कर रहे हैं बड़े शहरों से लेकर अब तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी नशीली दवाओं के माफिया अपना पैर पसारने शुरू कर दिए हैं रविवार को मुखबिर के माध्यम से चांदनी बिहारपुर पुलिस को सूचना मिली कि कमलपुर के ओर से दो व्यक्ति बजाजा सोल्ड ब्लैक कलर के पल्सर में नशीली मादक पदार्थ लेकर परिवहन कर रहे हैं दवाओं को लेकर जो कमलपुर से बिहारपुर की ओर जाने वाले हैं वहीं चांदनी बिहारपुर थाना उप निरीक्षक आर डी सिंह एवं पुलिस स्टाफ रेडीपहरी चौक में घेराबंदी कर पल्सर बाइक सवार युवकों को रोका गया वहीं पुलिस के द्वारा नाम पुछने पर बाइक सवारों द्वारा अपना नाम सत्यम पाठक, धर्मचंद शर्मा पता ग्राम ठाढपाथर बता गया वहीं पुलिस के टीम के द्वारा गवाहों के सामने बाइक सवारों की तलाशी ली गई जिसमें नशीली पदार्थ सिरफ टोटल 9 नग बरामद हुआ पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उन लोगों के खिलाफ धारा 21 बी एनडीपीएसी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल दाखिल कर दिया गया। इस दौरान निरीक्षक जे0 एस0 कंवर, उप निरीक्षक आर0 डी0 सिंह,प्रधान आरक्षक शरद कुमार, प्रधान आरक्षक मनोज कुमार,आरक्षक रवि पांडे,आरक्षक शंकर सिंह आदि प्रमुख रूप से योगदान रहा